>

Title : Need to update the list of people living below poverty line in Jharkhand and other parts of the country.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि झारखंड राज्य में वर्ष 2008 से बी.पी.एल. सूची के लोगों का सिलैक्शन नहीं हुआ, जिसके कारण गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों को विभिन्न सरकारी सुविधाएं जैसे इंदिरा आवास, वृद्धावस्था पेंशन और विधवा पेंशन और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

महोदय, झारखंड में लगभग 35 वर्ष होने जा रहे हैं, अभी तक पंचायतों के चुनाव भी नहीं हुए हैं। वर्ष 2002 के बाद एक बार बी.पी.एल. का सर्वे हुआ, जो 2007 में समाप्त हो गया। वर्तमान में जो हमारे गरीब लोग झारखंड में रह रहे हैं, वे उसका लाभ इंदिरा आवास के माध्यम से, वृद्धावस्था पेंशन के माध्यम से और विधवा पेंशन के माध्यम से नहीं उठा पा रहे हैं। झारखंड में राष्ट्रपति शासन है, इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि महामहिम राज्यपाल महोदय को यहां से निर्देशित किया जाए कि बी.पी.एल. का फिर से सर्वे कराया जाए और झारखंड में पंचायतों के चुनाव कराए जाएं। धन्यवाद।